p>

Title: Demand to shift Allonia toll plaza on Seoni to Nagpur part on National Highway No. 44.

डॉ. ढालसिंह बिसेन (बालाघाट): सभापति महोदय, धन्यवाद । मैं अपने क्षेत्र की अत्यंत ज्वलंत घटना, जो दो दिन पूर्व घटी है, उसके संबंध में ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं । क्षेत्र की जनता बहुत आक्रोशित है । जबलपुर से नागपुर नेशनल हाइवे, जो वर्तमान में 44 नंबर कहलाता है, उसकी सड़क अभी नहीं बनी है । इसके 561 और 565 किलोमीटर पर लगातार दुर्घटनाएं होती हैं । इसका एलिवेशन सही नहीं है और इसके सुपर एलिवेशन के गड़बड़ होने के कारण रोज दुर्घटनाएं हो रही हैं । अभी सड़क पूरी हुई नहीं है, लेकिन इस पर दो टोल लगा दिए गए हैं । पहले सिवनी से 15 किलोमीटर अलोनिया में एक टोल चलता था, लेकिन सड़क न होने के बाद भी एक टोल लखनादोन के पास मंडई ग्राम में लगा दिया गया है । शहर की ओर आने वाले लोगों को केवल 40-50 किलोमीटर की दूरी पर दो टोलों का पैसा देना पड़ेगा । इस कारण से जनता आक्रोशित है, क्योंकि जिस सड़क मार्ग पर लोग नहीं चल रहे हैं, उसका भी टोल देना पड़ रहा है । मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि अलोनिया के टोल को सिवनी से नागपुर की तरफ जाने वाले भाग में स्थापित कर दिया जाए । इससे जनता को सुविधा होगी और जनता को परेशानी नहीं होगी ।